tapman

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

11 फूड पार्क के नैविक ऑयल प्लांट में लगी आग, तीन...

12 अप्रैल माह से पटरी पर दौड़ेगी ट्रेन




विगत 9 वर्षों से संचालित
सिद्धि विनायक बच्चों का अस्पताल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. 99813-21524/72230-11528
नवजात शिशु विभाग
◆ आधुनिक एनआईसीयू ◆ पांच कृत्रिम श्वास मशीनें (वेंटिलेटर की सुविधा)
◆ आपके नवजात शिशु की बीमारियों का विशेष देखभाल ◆ सभी टीकाकरण प्रतिदिन
"विश्वास के साथ चिकित्सा का वादा"
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
बच्चों का विभाग :: ◆ ऑक्सीजन युक्त जनरल वार्ड ◆ आधुनिक आईसीयू ◆ बच्चों में होने वाली बीमारियों का विशेष देखभाल

### रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, स्वर्णिम झांकियों ने मोहा मन

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार की शाम शहर में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामनवमी आयोजन समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे शहर को श्रीराममय कर दिया। बनियापारा स्थित महाकालेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीराम को सुसज्जित रथ में विराजित कर यात्रा प्रारंभ की गई।

बैंड-बाजा, धुमाल और डीजे की गूंज के साथ शोभायात्रा रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, बालक चौक, गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, सदर बाजार, कचहरी चौक, गणेश चौक रामबाग होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। करीब 6 घंटे तक चली इस यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा जलपान और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।



शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण श्रीराम दरबार की स्वर्णिम झांकी, हनुमान लीला, खाटू श्याम की झांकी, आदियोगी की प्रतिमा और आकर्षक लाइटिंग रही। गोरिल्ला प्रदर्शन और शौर्य प्रदर्शन ने युवाओं में विशेष उत्साह भर दिया। आतिशबाजी और रंगीन रोशनी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस दौरान तीरथराज फुटान, अशोक पवार, प्रीतेश गांधी, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायकद्वय रंजना साहू व इन्दर चोपड़ा, डीपेंद्र साहू, दिलीप बड़जात्या, बबलू थवाईत, गणेश कोसरिया, शिखर कोचर, अमित अग्रवाल, देवचरण सिंह ध्रुव, सूरज फुटान, भरत भानुशाली, पीयूष राठौड़, महेंद्र खंडेलवाल, दीपक चोपड़ा, प्रकाश सोलंकी, चोवाराम साहू, बीजू फुटान, चेज्ञा फुटान, अमन थवाईत, अरुण फुटान, अजय गौतम, कोमल फुटान, बसंत निषाद, शुभांक मिश्रा, शुभम सोनी, राजेंद्र साहू, दीपेश मोटवानी, विक्की मंगलानी, संदीप नेताम, त्रिलोक देवांगन, सुशांत रजक सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### डीजे और धुमाल का जलवा

स्टार तरंग कैबिनेट डीजे (धमतरी), देव ऑडियो (भिलाई), स्टार डीजे (रायपुर), रवि डीजे (अभनपुर) सहित शिव कृपा धुमाल पार्टी, यादव धुमाल पार्टी, लक्ष्मी कृपा धुमाल पार्टी, मां दुर्गा बैंड पार्टी और मुकुंद राज धुमाल पार्टी ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को जोशीला बनाए रखा।

### हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी

शहर के 40 वार्डों सहित आसपास के सैकड़ों गांवों से पहुंचे हजारों रामभक्तों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा में भाग लिया।

### 18 वर्षों की गौरवशाली परंपरा

आयोजन समिति के संयोजक तीर्थराज फुटान ने बताया कि यह लगातार 18वां वर्ष है जब भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

#### रामनवमी शोभायात्रा की झलकियां....






# हेरोइन की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

- 29 हजार का हेरोइन चिट्टा किया जब्त, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सार्वजनिक स्थान में अवैध रूप से हेरोइन/चिट्टा की बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 29 हजार रुपए कीमत की हेरोइन बरामद की गई है।

जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से यादव समाज भवन के आसपास एक युवक द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन की बिक्री करने की सूचना मिली। जानकारी पर कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने आमातालाब रोड स्थित यादव समाज भवन के पास पहुंच बताए गए स्थान की घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर ऋषभ सोनी को अवैध रूप से हेरोइन चिट्टा की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 1.45 ग्राम हेरोइन चिट्टा कीमत 29 हजार, एक नग मोबाइल कीमत 5 हजार व नगदी 10 रूपए कुल संपत्ति 34010 रूपए जब्त की गई। पुलिस ने सिटी कोतवाली में धारा 21/ए एनडीपीएस के तहत अपराध दर्जकर आरोपी ऋषभ सोनी पिता होरीलाल उम्र 26 वर्ष रिसाईपारा धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



# साल्हेभाट के युवक ने खुद को जलाया, गंभीर

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने उपर आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए रायपुर भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम साल्हेभाट निवासी शैलेंद्र उइके पिता देवानचंद उम्र 30 वर्ष गुरुवार को लगभग 11 बजे किसी बात को लेकर परिवारवालों के साथ वाद विवाद हो रहा था। इसी दौरान युवक आक्रोश में मिट्टी तेल को अपने उपर डाल आग लगाकर आत्महत्या कर रहा था। परिजनों ने किसी तरह आग को बुझाकर युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में युवक आग से 80 प्रतिशत तक झुलस गया है। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया। अग्निदग्धा युवक को तत्काल संजीवनी 108 के माध्यम से रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिले के दौरे पर रहेंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को धमतरी जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 2 बजे डोकला-चारामा मार्ग से पहुंचकर मां अंगारमोती मंदिर में दर्शन एवं पूजन करेंगे। पूजा-अर्चना के बाद वे भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री विधायक निवास पहुंचेंगे, जहां स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान भूपेश बघेल दिवंगत पंकज महावर के निवास भी जाएंगे और शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। निर्धारित समयानुसार वे दोपहर 3:30 बजे धमतरी से रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### दीमक ट्रीटमेंट करने आया था आरोपी

# घर से दिनदहाड़े नकदी व ज्वेलरी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लालबगीचा वार्ड स्थित एक घर से दिनदहाड़े नकदी व सोने-चांदी के जेवरों की चोरी होने का मामला सामने आया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लालबगीचा वार्ड निवासी कवलजीत सिंह तलूजा ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि गुरूवार की सुबह 11:30 बजे मनीष नाम के व्यक्ति को घर में दीमक ट्रीटमेंट के लिए बुलाया था। उसे घर की सभी जगह एवं आलमारी को दिखाया गया। उसने आलमारी के सामानों को हटाने के लिए कहा। हमने आलमारी के सामानों को हटाकर उसकी दोनों दराज को लॉक किया लेकिन चाबी गलती से कपड़े में भूल गए। काम करने के दौरान मनीष एक बार बाहर निकला था। काम पूरा होने के बाद वह जल्द ही पैसा मांगने लगा। इस दौरान कंवलजीत खाना खा रहा था। अपनी मम्मी को बोलकर मेहनताना दिलाया। पैसा लेने के बाद मनीष दोपहर 2.30 बजे वहां से चला गया। उसके जाने के आधा घंटा के बाद कमरे में जाकर देखा तो आलमारी की दोनों दराज खुली हुई थी थे। दराज में रखे सोने के तीन सिक्के, एक नग सोने का लॉकेट लगा चैन, दो नग सोने की छोटी अंगूठी, एक नग सोने का बचकानी कड़ा, नकदी रकम सहित कुल 95 हजार रूपये दराज में नहीं थे। प्रार्थी ने नकदी व सोने के जेवरों की चोरी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने का निवेदन किया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने मीडिया को बताया कि कवलजीत सिंह तलूजा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ द्वारा 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं पीड़ित परिवार ने मनीष पर चोरी करने की शंका जताई है।




HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
दिनांक: 25 मार्च से 28 मार्च
समय: बुधवार से शनिवार
(प्रातः10:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक)
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ स्पीच थेरेपी
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
कचहरी चौक (रायपुर): शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
बैरन बाजार (रायपुर): विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
शंकर नगर (रायपुर): प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)
अंबिकापुर: मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)
भिलाई: शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)
बिलासपुर: शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)
धमतरी: डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)
जगदलपुर: बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर 494001
कोरबा: शॉप नं. 4, 5, महिमा कॉम्प्लेक्स, निहारिका टॉकीज के पास, कोरबा (छ.ग.) – 495677,
Google Rating ★★★★★ | PHILIPS Authorized dealer
Google Play | App Store
For Appointment Call: 8319 603 298 | 9659 455 455
Khanna
छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप



### मनरेगा मजदूर की मौत सहायता राशि की मांग

**धमतरी।** मनरेगा में काम करते वक्त मनरेगा मजदूर की मौत के मामले में परिजन सहायता राशि के लिए भटक रहे हैं। मृतिका के पति ने कलेक्टर से सहायता राशि दिलाने की मांग की है। कुरूद तहसील के ग्राम चरमुड़िया निवासी रामचरण पटेल ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि उसकी पत्नी बुधियाबाई पटेल की मृत्यु 17 जून को जेठू सरोवर तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान हो गई। मस्टर रोल क्रमांक 20545 में दिनांक 14 जून से 20 जून तक मस्टररोल जारी हुआ है। रामचरण पटेल ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के तहत सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है।

### फर्जीवाड़ा : शिक्षक को मिली जमानत

**धमतरी।** जनपद पंचायत मगरलोड अंतर्गत वर्ष 2007 में हुए शिक्षाकर्मी घोटाले के आरोपी शिक्षक को न्यायालय से जमानत मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त 2007 को क्षेत्रपाल बंजारे की नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला कोरगांव मगरलोड में हुई थी। शिकायत जांच अनुसार उन्होंने शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की नौकरी पाने के लिए अनुभव एवं खेल प्रमाण पत्र का उपयोग कर अंक लाभ लिया था। शिकायत जांच के दौरान क्षेत्रपाल बंजारे ने प्रकरण से बचने के उद्देश्य से अपने गृहग्राम जांजगीर-चांपा में पोस्टिंग ले ली थी। गत दिनों पुलिस ने श्री बंजारे को शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया था जिसे न्यायालय ने शुक्रवार को जमानत दे दी है। उल्लेखनीय है कि चयन समिति के लोकसेवक, सदस्य तथा करीब 18 शिक्षाकर्मी उच्च न्यायालय बिलासपुर से अग्रिम जमानत पर हैं।

### कोड़ापार में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ आज से

**जीजामगांव।** कोड़ापार में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन वैष्णव परिवार द्वारा आज से किया गया है।



कथावाचक नारायण महाराज श्रीराधे निकुंज आश्रम जंजगिरी भिलाई हैं। 28 मार्च शनिवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा, भागवत महत्तम, 29 मार्च को परीक्षित जन्म, सुखदेव का आगमन, वराह अवतार। 30 मार्च को कपिल उपदेश, ध्रुव चरित्र, शिव पार्वती का विवाह उत्सव होगा। 31 मार्च को प्रहलाद कथा, गजेंद्र मोक्ष, नरसिंह अवतार, राम राज्याभिषेक व 1 अप्रैल को कृष्ण जन्म, बाल लीला, गोवर्धन पूजा, माखन चोरी, छप्पन भोग की कथा होगी। 2 अप्रैल को कंस वध, रुक्मणि विवाह के उपरांत विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। 3 अप्रैल शुक्रवार को सुदामा चरित्र, श्रीमद् भागवत कथा का सार एवं पूर्णाहुति के साथ महाआरती होगी।

### संगीत एवं योग प्रशिक्षकों ने मांगा मानदेय



**धमतरी।** जिले के पीएमश्री आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत संगीत एवं योग प्रशिक्षकों ने मानदेय दिलाने तथा कार्यादेश आगे बढ़ाने की मांग कलेक्टर से की है। संगीत एवं योग प्रशिक्षक चमनदास साहू, तुलसीराम साहू, कलेश्वरी साहू, प्रवीणकुमार, जितेंद्र यादव, देवेंद्र प्रताप, लोकेश साहू, प्रदीपकुमार, ईश्वर, रोमी साहू, दुर्गा साहू ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि वे सभी संगीत तथा योग टीचर हैं। पीएम श्री आत्मानंद स्कूलों में अंशकालीन प्रशिक्षक के रूप में 10 हजार रुपए प्रतिमाह में कार्य कर रहे हैं। उन्हें कार्य अवधि 7 माह में से 3 माह का मानदेय प्राप्त हुआ है। 4 माह का मानदेय शेष है। 31 मार्च से उनकी सेवा समाप्त होने वाली है। संगीत एवं योग प्रशिक्षकों ने चार माह का मानदेय भुगतान कराने तथा सेवा निरंतर जारी रखने के लिए कार्यादेश बढ़ाने की मांग की है।

पोटियाडीह में चल रहे जुआ फड़ में पुलिस ने मारी रेड

# तीन जिलों के 5 जुआरी गिरफ्तार पौने 3 लाख की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने पोटियाडीह में चले रहे जुआ फड़ में रेड मारकर तीन जिलों के पांच जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, बाइक, मोबाइल सहित पौन तीन लाख की संपत्ति जब्त की गई है।



अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम पोटियाडीह स्थित पानी टंकी के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से जुआ खेले जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने जुआ फड़ की घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की। रेड के दौरान असवन कुमार पिता टामनलाल निवासी ग्राम सोरम जिला दुर्ग, युवराज तंबोली पिता अशोक उम्र 34 वर्ष गुंडरदेही जिला बालोद, परमानंद कोसरे पिता दीनदयाल उम्र 46 वर्ष निवासी गुरु घासीदास चौक भखारा जिला धमतरी, महेंद्र महिपाल पिता मोहनलाल उम्र 38 वर्ष निवासी कोरगहन-रनचिरई जिला बालोद व शुभम चंद्राकर पिता बलदाऊ उम्र 29 वर्ष ग्राम चीचा पाटन जिला दुर्ग निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 नग मोबाइल कीमत 70 हजार, 2 नग मोटरसाइकिल कीमत 1 लाख 75 हजार नकदी 30 हजार 200 रूपए कुल संपत्ति 2 लाख 75 हजार 200 रुपए जब्त की है। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 3/2 जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

## महावीर जन्म कल्याणक पर धार्मिक एवं सेवा कार्यों की श्रृंखला शुरू



**धमतरी।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत शहर में धार्मिक एवं सेवा कार्यों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई है। आचार्य श्री 1008 रामलालजी म.सा. की आज्ञानुवर्तीनी शासन दीपिका प्रियंका श्रीजी मसा आदि ठाणा 4 के सान्निध्य में शुक्रवार की सुबह श्री आदिश्वर जिनालय से राष्ट्रीय गौशाला तक प्रभातफेरी निकाली गई। अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

गौशाला पहुंचकर समाजजनों ने गायों को गुड़ व रोटी खिलाकर गौ सेवा की। 28 मार्च को सुबह 6 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय से अभिनंदन स्वामी जिनालय शांति कॉलोनी तक दूसरी प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं शाम 7:30 बजे धनकेशरी मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंगलाचरण एवं धार्मिक लूडो का आयोजन होगा। इसी दिन सिहावा चौक स्थित नया स्थानक भवन में सुबह 10 बजे से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में रक्तदान, शुगर जांच तथा दिव्यांगों को जयपुर फुट वितरण किया जाएगा। विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। आयोजन की तैयारियों में सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष आकाश गोलछा सहित समाजजन सक्रिय हैं।

## मंदिरों में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव

**धमतरी।** शहर के राम मंदिरों में राम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से देर रात तक विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



इतवारी बाजार स्थित प्राचीन किले के श्रीराम मंदिर में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया। सुबह पुजारी अभिषेक शर्मा एवं आशीष शर्मा द्वारा अभिषेक और श्रृंगार पूजन किया गया। इसके पश्चात संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ हुआ। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म के पावन क्षण पर महाआरती की गई और प्रसादी वितरण किया गया। शाम को रामायण पाठ एवं महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रूपनारायण सिन्हा, विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, सभापति कौशिल्या देवांगन सहित अनेक पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। वहीं श्रीराम जानकी मठ मंदिर में भी राम जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। यहां सुबह दूध, दही, घी और पंचामृत से अभिषेक कर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके बाद 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। पुजारी हनुमंत वैष्णव द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। शाम को 108 दीपों की रोशनी के साथ आरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।

## रामनवमी पर निकली आकर्षक झांकी, महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



रामनवमी पर निषाद समाज सिहावा जोन द्वारा पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया। हर ओर जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

- निषाद समाज सिहावा जोन ने हर्षोल्लास से मनाया पर्व

कार्यक्रम की शुरुआत सिहावा के पवित्र महादेव घाट से भगवान श्रीराम की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी के साथ रैली निकालकर की गई। रैली में समाज के छोटे-बड़े, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ रैली में सहभागी बने। रैली गांव की विभिन्न गलियों और प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची।

मंदिर परिसर में समाज द्वारा निर्मित राम मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति का ऐसा माहौल बना रहा कि हर ओर राम नाम की गूंज सुनाई देती रही। महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर सहभागिता निभाना कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसने समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि निषाद समाज सिहावा क्षेत्र के अध्यक्ष अंजोरसिंह निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और संस्कारों का संचार होता है। आगे कहा कि निषाद समाज सदैव धर्म और संस्कृति की रक्षा में अग्रणी रहा है और हमें अपनी समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को भी इससे जोड़ना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन सलाहकार रामदयाल निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि हीरसिंग निषाद थे। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर सिहावा जोन अध्यक्ष ईश्वर लाल, दिलीप निषाद, दिनेश निषाद, धनसिंह निषाद, टीकाराम निषाद, कामता निषाद, प्रभुलाल निषाद, धात्री निषाद, नरेश निषाद, नारायण निषाद सहित समाजजन उपस्थित थे।

## कुरूद में युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल मोहित साहू (पिता बलराम साहू) का इलाज सिविल अस्पताल कुरूद में जारी है। डॉक्टरों के अनुसार वह अब खतरे से बाहर है।

- नाम व गांव पूछकर की मारपीट, पुरानी रंजिश का शक



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव (थुहा) निवासी मोहित साहू गुरुवार रात करीब 9 बजे अपने साथियों के साथ ई-रिक्शा से मेला देखने निकला था। देर रात लगभग 12 बजे वापसी के पहले कुरूद में कुछ युवकों ने उन्हें और उनके साथियों को रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले उनका नाम, गांव और समाज पूछा, फिर गाली-गलौज करते हुए मोहित और उसके साथियों धीरेंद्र, सतीश व सोनू को घेरकर मारपीट की। विवाद बढ़ने पर आरोपियों में से किसी ने मोहित के सीने और पेट में चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार साल भर पहले गणेश पक्ष के दौरान नवागांव और कुरूद के युवकों के बीच पूर्व में झड़प और मारपीट हो चुकी है, जिससे इस घटना को पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस में औपचारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इस पर एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि घटना मेला स्थल की नहीं है और मामले की जानकारी को लेकर भ्रम की स्थिति है। यदि घटना मेला स्थल की होती तो तत्काल सूचना मिल जाती। फिलहाल रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन हम अपने स्तर पर जांच कर रहे हैं।

## शहनाई से पहले उठी अर्थी युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शादी की खुशियों से सजा एक घर पलभर में मातम में बदल गया। कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौरीखुर्द में 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

- सिंधौरीखुर्द में सन्नाटा

मिली जानकारी के अनुसार मृतक वेदप्रकाश यादव की कुछ समय पहले ही सगाई हुई थी और घर में विवाह की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। 27 अप्रैल से मांगलिक कार्यक्रम शुरू होने थे, जबकि 29 अप्रैल को बारात निकलने वाली थी। लेकिन इससे पहले ही यह दुखद घटना हो गई, जिससे घर की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद सिंधौरीखुर्द गांव में शोक का माहौल है। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाई बजने वाली थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। हर किसी के मन में यही सवाल है कि आखिर ऐसी क्या वजह रही, जिसने एक युवक को यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।



#### दिन में सोने गया, रात में मिली लाश

परिजनों के अनुसार 26 मार्च की सुबह भोजन के बाद वेदप्रकाश अपने कमरे में आराम करने चला गया था। दोपहर बाद जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। देर शाम अनहोनी की आशंका के बीच गांव के लोगों को बुलाया गया। रात करीब 8 बजे दरवाजा तोड़ा गया, जहां वेदप्रकाश का शव पंखे से फंदे पर लटका मिला।

#### पुलिस जांच में जुटी, कारण अब भी रहस्य

सूचना मिलते ही कुरूद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आया है, हालांकि इस कदम के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित : रंजना

**छाती सोसाइटी में पूर्व विधायक ने चना खरीदी का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों खरीदी का शुभारंभ पूर्व विधायक रंजना साहू ने किया। अन्य अतिथि जनपद सदस्य धमतरी श्रीमती नम्रता पालनहार, शेखर पटेल झिरिया सरपंच, तेजराम निर्मलकर, राजेश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, भूपेंद्र साहू, टिकेश्वरी चंद्राकर, भगत यादव, चिरौंजीलाल साहू, पारसमणि, नरोत्तम, देवलाल साहू, संबलपुर शाखा प्रबंधक केके साहू, सुपरवाइजर हिरेंद्र सिन्हा थे।





इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भारत एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर किसानों के हित में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। आज समर्थन मूल्य पर धान के बाद चना सरसों की खरीदी की जा रही है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्राधिकृत ललित कुमार साहू ने किसानों को समिति द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। चिरौंजी लाल साहू ने किसानों को दलहन तिलहन की बिक्री कर आर्थिक लाभ लेने की बात कही। भगत यादव ने किसानों से सहकारी समितियों से जुड़कर लाभ लेने की अपील की। आभार व्यक्त बल्ला चंद्राकर मंडल उपाध्यक्ष ने किया। 39 क्विंटल 6 सदस्यों एवं दो सदस्यों द्वारा 1 क्विंटल सरसों की बिक्री की गई। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू समिति प्रबंधक ने दी।



## डांडेसरा में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन

- भक्तों ने दंडवत लेटकर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता से की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



चैत्र नवरात्रि पर नौ दिन की आराधना और भक्ति के बाद ग्राम डांडेसरा में ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों में माता के प्रति गहरी श्रद्धा, आस्था और उत्साह देखने को मिला। सेवा गीतों और माता के जयकारों के बीच भक्त ज्योत जंवारा विसर्जन के लिए निकले। इससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। गांव में शीतला मंदिर के साथ कैलाश साहू और अंगद राम साहू के घर में भी ज्योत जंवारा की स्थापना की गई थी, जहां नौ दिनों तक विधि-विधान से माता की सेवा और पूजा अर्चना की गई। नौवें दिन श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर ज्योत जंवारा रखकर आगे बढ़ती नजर आईं। वहीं कई भक्तों ने दंडवत लेटकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता से प्रार्थना की। सेवा और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा।

**अतिथियों ने समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान, बच्चों को संस्कारवान बनाने पर दिया जोर**

# चिटौद में कर्मा जयंती पर महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

- एकता और जागरूकता से ही समाज की प्रगति : प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरूर द्वारा ग्राम चिटौद साहू सदन में भक्त मां कर्मा की जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मां कर्मा की पूजा आरती पश्चात बाजे-गाजे के साथ समाज की महिलओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि एकता और जागरूकता से ही समाज की प्रगति संभव है। आगे कहा कि मां कर्मा केवल एक समाज की ही नहीं बल्कि सनातन धर्म के मानने वाले सभी समाज के लिए हैं। मां कर्मा का जीवन सादगी, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। आगे कहा कि हमारे भी समाज के लोग धर्म परिवर्तन कर रहे हैं जो समाज के लिए चिंता का विषय है। समाज के जिला अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि समाज में कई फिजूलखर्ची एवं कुरूतियां थी जिसे प्रतिबंध कर दिया गया है। आगे कहा कि आज बच्चे शिक्षा में तो आगे हैं लेकिन संस्कार भूलते जा रहे हैं। जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि च्चों को नशे से दूर रखकर संस्कारवान बनाना जरूरी है।





जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू ने कहा कि मां कर्मा का जीवन अटूट भक्ति, त्याग, और समर्पण की जीवित मिसाल है। ब्लाक अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा कि आने वाले समय में साहू समाज के साथ अन्य समाज के बच्चों को भी प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जल संकट पर गरमाएगा निगम का सदन



**धमतरी।** नगर निगम की आगामी सामान्य सभा की बैठक में शहर की पेयजल समस्या प्रमुख मुद्दा बनने जा रही है। डाक बंगला वार्ड की पार्षद सुमन मेश्राम ने स्पष्ट किया है कि वे सदन में जल संकट को मजबूती से उठाते हुए निगम प्रशासन से जवाब मांगेंगी। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से शहर लगातार पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है, जिसके कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में महिलाओं को घड़े-बाल्टी लेकर प्रदर्शन तक करना पड़ा। श्रीमती मेश्राम सामान्य सभा में यह सवाल रखेंगी कि बीते साल कितने दिनों तक जल आपूर्ति बाधित रही। साथ ही फिल्टर प्लांट की तकनीकी खामियों, उनके समाधान और जल विभाग की भविष्य की रणनीति पर भी जानकारी मांगी जाएगी। उन्होंने टैंकर व्यवस्था को भी अपर्याप्त बताते हुए नए टैंकर खरीदने की मांग की है।

### महुआ शराब जब्त 2 आरोपी गिरफ्तार

**पखांजूर।** थाना पखांजूर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 2 आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कुल 33 लीटर महुआ शराब जप्त कि, जिसकी कीमत 4950 रुपएं है।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम मसानकट्टा पारा पेनकोड़ो में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में आरोपी 30 वर्षीय विनोद हलामी के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में आरोपी 22 वर्षीय रमेश कोला के पास से 17 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### जहर खाने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए सदेसिंह सलाम का 28 दिसंबर को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए थे, लेकिन उसका जान नही बच पाया, जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत गया। कोरर थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डाकघर में अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा उपलब्ध

**कांकेर।** डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रधान डाकघर कांकेर में अंतरराष्ट्रीय पार्सल एवं विदेशी लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध है। अब क्षेत्रवासी अपने पार्सल एवं सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, विश्वसनीय एवं किफायती दरों पर भेज सकते हैं।

### // आम सूचना //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसे मेरे पक्षकार ने दिनांक 11.09.1997 को पंजीकृत बिक्री पत्र के माध्यम से विक्रेता पुराणिक पिता भागवत देवांगन वगैरह. निवासी ग्राम श्यामतराई जिला धमतरी वाले से क्रय कर कब्जा, स्वत्व एवं आधिपत्य प्राप्त की है, क्रय की गयी भूमि जो कि ग्राम श्यामतराई प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. धमतरी तहसील व जिला धमतरी में स्थित है। जिसका खसरा नं. 802/1 नया खसरा नं. 802/8 रकबा 0.45 डि./0.180 हे. है। जिसकी तत्कालिक चतुर सीमा इस प्रकार थी जिमल की भूमि, पश्चिम दिशा में मेरे पक्षकार श्रीमती भारती खण्डेलवाल की अन्य भूमि, उत्तर दिशा में शकुन्तला व बहोरिका की भूमि, दक्षिण दिशा में बैशाखू व बिसाली की भूमि। जिसमें मेरा पक्षकार क्रय दिनांक से वर्तमान तक शांति पूर्वक आधिपत्य में है।

शीतल कुमार देवांगन पिता पुराणिक राम देवांगन, पार्वती देवांगन पिता पुराणिक राम देवांगन, त्रिभुवन देवांगन पिता माखन लाल देवांगन, मालती देवांगन पिता माखन लाल देवांगन, हिना देवांगन पिता माखन लाल देवांगन, कलिन्द्री देवांगन पति माखन लाल देवांगन, सभी निवासी ग्राम श्यामतराई धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) वाले ने गलत एवं अवैध ढंग से मनजोत सिंह बिंद्रा पिता रविंदर सिंह बिंद्रा, निवासी-स्वामी विवेकानंद वार्ड, धमतरी तथा संजय दास उर्फ राजू भालेकर पिता केनल दास निवासी अमलताशपूरम गोकुलपुर वार्ड धमतरी तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.) से साथ मिलकर धोखाधड़ी के नीयत से उक्त क्रय संपत्ति को विक्रय विलेख के माध्यम से उक्त क्रेतागण अर्थात मनजोत सिंह बिंद्रा, संजय दास उर्फ राजू भालेकर ने अपने पक्ष में अंतरण करवा लिया है।

उक्त शीतल कुमार देवांगन वगैरह ने मेरे पक्षकार की उक्त क्रय संपत्ति को अवैध ढंग से नामांतरण करवाया है तथा षडयंत्रपूर्वक उक्त भूमि को विवादित करने के उद्देश्य से मनजोत सिंह बिंद्रा, संजय दास उर्फ राजू भालेकर के साथ मिलकर विक्रय विलेख पंजीयन कराया है, जिसमें मेरे पक्षकार की क्रय भूमि का नक्शा शामिल है। उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय में मामला विचाराधीन है तथा न्यायालय के माध्यम से उक्त भूमि पर किसी भी रीति से अंतरण, हस्तांतरण पर रोक लगायी गयी है अर्थात स्थगन आदेश न्यायालय के द्वारा जारी किया है।

अतएव उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यक्ति/संस्था सौदा न करे अन्यथा सौदा किये जाने एवं क्रय किये जाने की स्थिति में उसे उक्त भूमि एवं उसके भाग पर किसी भी प्रकार से कोई स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा, इस आम सूचना के बाद भी यदि कोई व्यक्ति/संस्था के द्वारा उक्त भूमि एवं उसके भाग को क्रय करता है, तो उसके विरूद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

धमतरी, दिनांक 27.03.2026

**भवदीय**
**त्रिभुवन साहू, अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय परिसर, धमतरी**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**
**वास्ते पक्षकार श्रीमती भारती खण्डेलवाल**
**पति श्री रमेश खण्डेलवाल, निवासी-सुन्दरगंज वार्ड, धमतरी तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**मो.नं. 98271-10618**

## 554 करोड़ की रेल परियोजना का कार्य अंतिम चरण पर

# अप्रैल से बड़ी लाइन पर दौड़ेगी ट्रेन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बहुप्रतीक्षित बड़ी रेललाइन परियोजना अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। रेलवे स्टेशन पर पटरी बिछाने का कार्य तेजी से शुरू हो चुका है और अप्रैल माह में ट्रेन संचालन प्रारंभ होने की उम्मीद जताई जा रही है। रेलवे अधिकारी लगातार स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, जिससे परियोजना को समय सीमा में पूरा किया जा सके।

जानकारी के अनुसार धमतरी स्टेशन पर तीन लेयर की रेल पटरी बिछाई जा रही है। इनमें दो मुख्य लाइन यात्री ट्रेनों के आवागमन के लिए होगी, जबकि एक लूप लाइन के रूप में उपयोग की जाएगी। साथ ही स्टेशन परिसर में ओवरहेड वाटर टैंक सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण भी तेजी से जारी है। स्टेशन भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है और वर्तमान में अंतिम फिनिशिंग कार्य किया जा रहा है।

करीब 554 करोड़ रुपए की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में 70 करोड़ रुपए की लागत से गुड्स टर्मिनल का निर्माण भी शामिल है। टर्मिनल के तैयार होने के बाद माल परिवहन को नई गति मिलेगी, जिससे धमतरी सहित आसपास के क्षेत्रों के व्यापार को बड़ा लाभ मिलेगा। विशेषकर चावल उद्योग के लिए यह परियोजना वरदान साबित हो सकती है।

रायपुर से धमतरी के बीच अभनपुर और कुरूद प्रमुख स्टेशन होंगे। अभनपुर-राजिम रेलखंड पहले ही चालू हो चुका है, जबकि कुरूद से धमतरी तक का कार्य अंतिम चरण पर है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, जल्द ही इस खंड पर ट्रेनों का परीक्षण और संचालन शुरू किया जाएगा।

इस रेललाइन के शुरू होने से लगभग 25 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क यातायात का दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है। साथ ही यात्रियों को सस्ता, सुरक्षित और सुगम परिवहन विकल्प मिलेगा। इधर, परियोजना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी प्रस्तावित है। मार्च के अंत या अप्रैल के प्रारंभ में सिहावा चौक से देवार डेरा तक करीब 150 अतिक्रमण हटाए जाएंगे, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए। रेल सेवा शुरू होने के साथ ही धमतरी जिले की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

# साल्हेवारपारा की कांग्रेस पार्षद रामेश्वरी करेंगी पहला सवाल

- नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 30 को, प्रश्नोत्तरी सत्र के लिए लॉटरी निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 30 मार्च को आयोजित होने जा रही है, जिसे लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बैठक से पहले प्रश्नोत्तरी सत्र के लिए बुधवार को निगम सभाकक्ष में लॉटरी निकाली गई, जिसमें साल्हेवारपारा की कांग्रेस पार्षद रामेश्वरी कोसरे को पहला सवाल पूछने का अवसर मिला।

रामेश्वरी कोसरे ने अपने प्रश्न के माध्यम से नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की स्थिति और व्यवस्था को लेकर जानकारी मांगी है। लॉटरी प्रक्रिया सुबह 11 बजे सभापति की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें निगम के अधिकारी और पार्षद उपस्थित रहे।

इस बार की सामान्य सभा में कांग्रेस और भाजपा के कुल 28 पार्षदों ने 56 सवाल प्रस्तुत किए हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा होने की संभावना है। सभा की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ होगी, जिसके बाद एक घंटे का प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया जाएगा।

भाजपा पार्षद हेमंत बंजारे ने जल आवर्धन योजना से जुड़े मुद्दों को उठाया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन सहित निर्दलीय पार्षद प्रकाश सिन्हा, मदन नेवारे और रामेश्वर वर्मा ने भी शहर के विकास और व्यवस्थाओं से जुड़े अहम सवाल लगाए हैं।

बैठक के दौरान महापौर और संबंधित विभागीय सभापति पार्षदों के सवालों का जवाब देंगे। डिप्टी कमिश्नर प्रवीण सार्वा की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। अब देखना होगा कि सामान्य सभा में उठने वाले इन सवालों पर क्या जवाब मिलते हैं और शहर की समस्याओं के समाधान की दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

# डोमा हाईस्कूल के 1997 बैच के छात्र-छात्राएं मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डोमा हाईस्कूल में 1997 बैच के छात्र-छात्राओं के लिए गुरु-शिष्य स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह एक रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया।

मौके पर प्राचार्य समेत गुरुजनों एनएस ठाकुर, श्री कश्यप, रेपुरेखर, एमएल साहू, आरआर साहू, श्री वर्मा मौजूद रहे। गुरुजनों द्वारा शिक्षा से सबंधी जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान शिक्षक तथा सहपाठी भावुक होने के साथ-साथ उनमें उत्साह भी देखा गया। गुरुजनों को प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। यह जानकारी गैंदलाल साहू कुरमातराई ने दी।

## शहीदों के छायाचित्र पर किया पुष्प अर्पण

**कोर्रा(भखारा)।** जागरूक नवयुवक मंच भाठागांव (कुरूद) द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर की गई। बच्चों द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। समिति के सलाहकार विजेन्द्र चक्रधारी ने कहा कि अनेकों क्रांतिकारियों ने अपना जीवन देश के लिए न्योछावर किया। केवल आज इनको श्रद्धांजलि देने से नहीं चलेगा।

# पोटियाडीह बना आत्मनिर्भरता की मिसाल

- मनरेगा-एनआरएलएम अभिसरण से ग्रामीणों को मिला रोजगार और समृद्धि का नया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम पंचायत पोटियाडीह आज ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है। यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अभिसरण से कई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की आजीविका को मजबूत करना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है।

गांव में सामुदायिक बाड़ी, वृक्षारोपण, नर्सरी विकास और औषधीय खेती जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सामुदायिक बाड़ी के माध्यम से महिलाओं के स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार की सब्जियां उगाई जा रही हैं, जिससे गांव में पोषण स्तर में सुधार हुआ है और महिलाओं को अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी मिला है। अब ग्रामीणों को ताजी और जैविक सब्जियां गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। जनपद पंचायत धमतरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वर्षा रानी चिकनजूरी द्वारा ग्राम पंचायत पोटियाडीह का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मनरेगा एवं एनआरएलएम अभिसरण के तहत संचालित सामुदायिक बाड़ी, वृक्षारोपण, नर्सरी में पौध रोपण तथा औषधीय खेती (खस) के कार्यों का अवलोकन किया और वहां कार्य कर रहे ग्रामीणों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया है, जिसमें फलदार और छायादार पौधे शामिल हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ भविष्य में आर्थिक लाभ की संभावना भी बढ़ी है। नर्सरी विकास कार्य के माध्यम से स्थानीय स्तर पर पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जिससे लागत कम होने के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

इसके अलावा खस जैसी औषधीय फसल की खेती ग्रामीणों के लिए आय का नया विकल्प बन रही है। इसकी बाजार में अच्छी मांग है, जिससे किसानों को भविष्य में बेहतर लाभ मिलने की उम्मीद है।

# क्रिकेट बॉक्स निर्माण से निखरेगी स्थानीय खेल प्रतिभा



- महापौर ने किया क्रिकेट बॉक्स एवं फेब्रिकेटेड टॉयलेट निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरुघासीदास वार्ड स्थित जालमपुर स्कूल मैदान में क्रिकेट बॉक्स निर्माण एवं फेब्रिकेटेड टॉयलेट निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर रामू रोहरा ने किया। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि शहर के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। क्रिकेट बॉक्स निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए सुरक्षित और आधुनिक सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है।

कार्यक्रम के दौरान फेब्रिकेटेड टॉयलेट निर्माण की भी सराहना की गई, जिससे मैदान में आने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों को स्वच्छता की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। महापौर ने कहा कि स्वच्छता और सुविधाओं का विकास एक साथ होना आवश्यक है, ताकि नागरिकों को समग्र रूप से लाभ मिल सके। स्थानीय पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से वार्ड में खेल एवं बुनियादी सुविधाओं का स्तर और मजबूत होगा।

इस दौरान सभापति कौशिल्या देवांगन, पीडब्लूडी विभाग के सभापति विजय मोटवानी, वार्ड पार्षद हेमन्त बंजारे, मेघराज ठाकुर, आमना सोना, सुशीला हिरवानी, आजाद सोना, सूरज पटेल, संतोष वर्मा, बबला पटेल, देवकी महावार, आशा महावार, गुरमीत टंडन, प्रहलाद पटेल, गजानंद मीनपाल, मनोहर देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# मानस मंडलियों ने बताई भगवान राम की महिमा



- गांधी चौक राजाबाड़ा में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर के गांधी चौक राजाबाड़ा में श्रीराम नव युवक परिषद के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय संगीतमय मानसगान का समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुज शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामचरितमानस के अंशों का गायन किया गया, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाश बैस रहे। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा तथा पार्षदगण अंबिका ध्रुव, डागेश्वरी योगेश साहू थे । अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला लोकमंगल का अमूल्य मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम के अंतिम दिन 30 मानस मंडलियों ने भाग लिया। किशन कन्हैया मानस मंडली की मनमोहक प्रस्तुति, सुंदरकांड के माध्यम से दिया संगीतमय रामायण पाठ ने श्रोताओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।

वक्ताओं ने सुंदरकांड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक मार्गदर्शन भी है। मनुष्य जीवन और पशु जीवन में मूलभूत समानताएं होती हैं, लेकिन मनुष्य को शिक्षा, संस्कार और विवेक के माध्यम से श्रेष्ठ बनाया जाता है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन का सदुपयोग करते हुए धर्म, कर्तव्य और भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए।

इस कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष अशोक पटेल, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, रोहित नाग, कोषाध्यक्ष भरत साहू, सचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव महेंद्र साहू, शंभू चिंडा, मंडली अध्यक्ष शंकर देव, भूपेंद्र सोम, उधोलाल साहू, सुरेश चनाप, ललित पटेल, सुनाराम यादव, हेमू सेन, गजेंद्र कंचन, नोहर साहू, युगल गौर, राकेश पटेल, बेनीराम टंडन, लालू यादव, देवेंद्र यादव, पंकज सिन्हा, दिलीप साहू, भोज पटेल, योगेश साहू, ओमप्रकाश पटेल का योगदान रहा।

# शंकरदाह स्कूल की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने देखी द केरल स्टोरी 2



- बढ़ती चुनौतियों के बीच महिलाओं एवं बेटियों को जागरुक होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

योगेश फाउंडेशन के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह की छात्राओं, शिक्षिकाओं, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों सहित करीब 80 लोगों को विमल छबिगृह में फिल्म द केरल स्टोरी 2 का निःशुल्क प्रदर्शन कराया गया।

फिल्म प्रदर्शन से पूर्व फाउंडेशन की संचालिका अंकिता रत्नेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में बढ़ती चुनौतियों के प्रति विशेष रूप से बेटियों और महिलाओं को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को सामाजिक विषयों की जानकारी दें, ताकि वे सजग और सुरक्षित रह सकें।

गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने कहा कि मातृशक्ति को जागरूक करना समय की आवश्यकता है, ताकि समाज में फैल रही चुनौतियों का सामना किया जा सके। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता के साथ-साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। सरपंच श्रीमती रमी गौतम ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की सजगता की सराहना करते हुए कहा कि मातृशक्ति समाज और राष्ट्रहित के मुद्दों पर हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती रही है। कार्यक्रम में श्रीमती सिन्हा, शोभा दुबे, हेमेश्वरी अंछारे, मोनिका शाह, प्रतिभा देशमुख, शैव्या गोस्वामी, कंचनलता साहू सहित अन्य का योगदान रहा।

# पीपल के पत्ते पर उकेरी श्रीराम की आकृति

**नगरी।** लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ग्राम मोदे नगरी निवासी ने पीपल के पत्ते पर भगवान श्रीराम की आकृति उकेरी है। उन्होंने राम को एक हाथ में धनुष को उठाकर दूसरे हाथ में तीर को पकड़ते हुए दर्शाया है।



### छाती में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ग्राम छाती में शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यह सार्वजनिक शेड स्थानीय लोगों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों में सुविधा प्राप्त होगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

आवश्यकता है
सेल्समेन : 4 पद
(मासिक वेतन 7,000/- + टी.ए. + 10/12वीं पास)
सेल्स मैनेजर : 1 पद
(मासिक वेतन 10,000/- + टी.ए. + स्नातक)
फील्ड क्षेत्र - कुरूद एवं भखारा
SWARAJ
संपर्क - छत्तीसगढ़ ट्रेक्टर
अधिकृत विक्रेता : स्वराज ट्रेक्टर
बठेना चौक, धमतरी (छ.ग.) मो. 94242-36991, 9425512494

**खबर संक्षेप**

## मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण



■ राशि स्वीकृति पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ने जताई खुशी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धमतरी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इस अंतर्गत सोमेश्वर महादेव मंदिर (ग्राम पंचायत सोरम) में स्टील ग्रील एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 5 लाख रुपये, अखाड़ा मैदान हनुमान मंदिर (लीलर) में सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 5 लाख रुपये, बाजार चौक शिव मंदिर (बोड़रा स) में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये, शिव मंदिर मड़ाईभाठा (भोयना) में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत सेमरा डी के शिव मंदिर में जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जनपद क्षेत्र के मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंदिरों के जीर्णोद्धार से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।


## अधिवक्ता की मृत्यु सहायता राशि 2.50 लाख मिलेगी




**धमतरी।** छग के अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग सहायता राशि प्रोटेक्शन बिल को लेकर विधिक्य परिषद की आमन्यास समिति की बैठक 22 मार्च को प्रदेश के विधि मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति एवं महाधिवक्ता छग के विधि परिषद के अधिकारी, वित्त विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम और अन्य बैंकों के वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे। हेमंत सिन्हा नोटरी भारत सरकार ने बताया कि बैठक में चर्चा के बाद अधिवक्ता मृत्यु सहायता राशि को 2.50 लाख रुपए का प्रस्ताव किया गया है साथ ही मुख्यमंत्री की स्वेच्छा अनुदान से मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। समूह जीवन बीमा योजना, जनसंस्था के आधार पर प्रतिनिधित्व कानूनी प्रावधान में संशोधन समान अवसर की दिशा में कदम है। अधिवक्ता सुरक्षा चिकित्सा सुविधा हेतु 5 लाख उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेने पर श्री सिन्हा ने शासन का आभार व्यक्त किया है।

### वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी बनी वजह, दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा

# फूड पार्क के नैविक ऑयल प्लांट में लगी आग, तीन मजदूर झुलसे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद क्षेत्र के समीप बगौद मेगा फूड पार्क स्थित नैविक ऑयल एंड साल्वेंट प्लांट में गुरुवार की रात आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में प्लांट में कार्यरत तीन मजदूर बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरूद में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित इस प्लांट में धान भूसे से राइस ब्रान खाद्य तेल का निर्माण किया जाता है। घटना के समय प्लांट परिसर में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान निकली चिंगारी पास में रखे ज्वलनशील पदार्थों पर गिर गई, जिससे अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से वहां काम कर रहे तीन श्रमिकों के हाथ और पैर झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही कुरूद नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

इस घटना ने औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ज्वलनशील पदार्थों के बीच वेल्डिंग कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों की अनदेखी सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही प्लांट प्रबंधन से सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर विस्तृत जानकारी भी मांगी जा रही है।

# 41,376.24 क्विंटल चावल जमा नहीं किया

■ खाद्य विभाग ने कुरूद की राइस मिल में गड़बड़ी पकड़ी हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

खाद्य विभाग की टीम ने कुरूद स्थित मेसर्स अमृत एग्रोटेक राइस मिल का आकस्मिक निरीक्षण, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच के दौरान पाया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में फर्म द्वारा कस्टम मिलिंग हेतु 1,27,999.9 क्विंटल धान का अनुबंध किया गया था, जिसके विरुद्ध 1,11,584.5 क्विंटल धान का उठाव किया गया। इस उठाव के आधार पर 76, 346.26 क्विंटल चावल जमा किया जाना था, लेकिन फर्म द्वारा मात्र 34,970.02 क्विंटल चावल ही जमा किया गया है। इस प्रकार 41,376.24 क्विंटल चावल जमा करना अभी शेष है।

भौतिक सत्यापन के दौरान मिल परिसर में 54,715 क्विंटल धान की कमी भी पाई गई, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। जांच के समय संचालक द्वारा बी-1 दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही खाद्य विभाग को मासिक विवरणी दी गई।

मिल परिसर में स्टॉक बोर्ड भी प्रदर्शित नहीं पाया गया। यह कृत्य छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की विभिन्न कंडिकाओं तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी भेलेन्द्र कुमार ध्रुव, खाद्य निरीक्षक निलेश चन्द्राकर एवं श्रीमती नीतू सिंह नेताम शामिल रहे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि पंजीकृत राइस मिलरों द्वारा कस्टम मिलिंग के कार्य में लापरवाही, निर्धारित समय में चावल जमा नहीं करने अथवा धान उठाव में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बेन्द्रानवागांव मार्ग का होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विधायक ओंकार साहू के प्रयास से वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल बेन्द्रा नवागांव मार्ग कुल 2.80 किमी के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# महापौर ने प्राचीन श्रीराम मंदिर में की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रामनवमी के अवसर पर इतवारी बाजार स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम के पूजन से हुई, जिसके बाद महाआरती की गई। महापौर ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, सत्य और धर्म का संदेश देता है। उन्होंने समाज में भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने के लिए श्रीराम के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, मंदिर समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# नशे के खिलाफ जंग लड़ने साइकिल से नेपाल की यात्रा पर निकले तुलसीराम

**धमतरी।** जब इरादे मजबूत हों, तो रास्ते खुद-ब-खुद बन जाते हैं। कुछ ऐसा ही जज़्बा लेकर जिले के ग्राम चर्रा (कुरुद) के 35 वर्षीय युवा तुलसीराम साहू एक बार फिर समाज को नई दिशा देने निकल पड़े हैं। उनके हाथों में साइकिल की हैंडल है, लेकिन दिल में एक बड़ा सपना है नशामुक्त समाज निर्माण का। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा और समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में तुलसीराम नेपाल स्थित राधास्वामी सत्संग व्यास डेरा की ओर अपनी लंबी यात्रा पर रवाना हुए। इस सफर को हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर ने रवाना किया। उन्होंने तुलसीराम से आत्मीय बातचीत कर उनके हौसले को और मजबूती दी। यह यात्रा सिर्फ किलोमीटरों की दूरी तय करने के लिए नहीं है, बल्कि उन युवाओं तक संदेश पहुंचाने का एक प्रयास है, जो नशे की गिरफ्त में अपनी जिंदगी खो रहे हैं।




### नशा पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है

तुलसीराम का मानना है कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को अंदर से खोखला कर देता है। उनकी यह राह आसान नहीं है, लेकिन उनके कदमों में ठहराव नहीं है। इससे पहले भी उन्होंने कई ऐतिहासिक यात्राएं की हैं। वर्ष 2020 में नारी सम्मान के लिए दल्लीराजहरा से दिल्ली तक साइकिल यात्रा, 2024 में धमतरी से अयोध्या तक नशामुक्ति का संदेश और 2025 में पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान व हरियाणा जैसे राज्यों में लंबा भ्रमण। हर यात्रा के साथ उनका उद्देश्य और मजबूत होता गया है। रवाना होते समय तुलसीराम की आंखों में उम्मीद थी और शब्दों में दृढ़ता। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा नशे की वजह से अपना भविष्य बर्बाद न करे।

# पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपए घटाया, डीजल पर समाप्त

■ भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश ने केंद्र सरकार का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भाजपा छग के प्रदेश सहकार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस निर्णय को ऐतिहासिक एवं जनहितकारी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को 10 से घटाकर 3 रूपये प्रति लीटर किया गया है, जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क को पूर्णतः समाप्त कर शून्य कर दिया गया है। यह निर्णय देश के करोड़ों उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने वाला है। श्री गांधी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक एवं ऊर्जा संकट के चुनौतीपूर्ण दौर में भी केंद्र सरकार ने दूरदर्शिता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए यह सुनिश्चित किया है कि आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार न पड़े। इस निर्णय से देश की 140 करोड़ जनता को व्यापक लाभ होगा। केंद्र सरकार निरंतर जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है।

## विजय बने कुंभकार समाज के शहर अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अमर शहीद मिंधू कुम्हार कुंभकार समाज भवन में कुम्हार समाज की बैठक आयोजित की गई। निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रसाद पांडे ने पदाधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। केंद्र प्रधान पद हेतु दो प्रत्याशी विजय कुंभकार एवं खिलेश कुम्भकार ने नामांकन दाखिल किया। खिलेश कुम्भकार ने नाम वापसी लेते हुए विजय को समर्थन दिया। विजय कुंभकार निर्विरोध केंद्र प्रधान नियुक्त हुए। जिला प्रतिनिधि जितेंद्र कुंभकार, पंच शिवनारायण कुंभकार, रामकृष्ण कुंभकार, छबिलाल प्रजापति, महेंद्र कुंभकार, राकेश प्रजापति एवं समाजसेवक के रूप में शेषनारायण कुंभकार व ललित कुंभकार नियुक्त किए गए। मौके पर जिला अध्यक्ष गगन कुंभकार, पूर्व केंद्र प्रधान दिनेश्वर, रामविशाल, सूरज कुंभकार, धनेश, रामस्वरूप, जगदीश, होरीलाल, पुरानिक कुंभकार, धर्मेंद्र, अरुण, कन्हैया, सुभाष, टुकेश्वर, भुनेश, संतोष, शिव कुंभकार उपस्थित थे।

# रामनवमी पर भरारी में निकली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रामनवमी के अवसर पर ग्राम भरारी में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा इस वर्ष भी मौखला मांझी देव स्थल से बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली को भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दयाराम साहू और सारंगपुरी सरपंच रामकुमार यादव ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में रामलला की मनोहारी मूर्ति स्थापना इस सदी का सबसे बड़ी अद्वितीय, अलौकिक पल है। भगवान राम के स्मरण मात्र से मनुष्यों के कष्ट का निवारण होता है। मौके पर सोनकर समाज के अध्यक्ष मनोहर सोनकर, अर्जुन सोनकर, रामेश्वर मिथलेश, तुलाराम सोनकर, लीलेश्वर सोनकर, रामनारायण सोनकर, खुमान, वेदराम, भूषण सोनकर, कमलेश, खेमराम, चिंताराम, नंदकुमार, धनसिंग, आनंद, संतोष समेत ग्रामीण पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मड़ाईभाठा में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई

**धमतरी।** ग्राम पंचायत मड़ाईभाठा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में रामनवमी पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में धार्मिक वातावरण व्याप्त रहा और मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। प्रातःकाल से ही पूजा-अर्चना, रामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन जैसे विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता जानकी एवं लक्ष्मण की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष गणेशराव पवार ने सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यालय विकास के लिए 10 लाख रुपये की राशि भेंट की।



मौके पर कार्यक्रम में समिति के सदस्य जितेंद्र यदु, महेश साहू, डोमन लाल सेन, मुरारी यदु, जगन्नाथ यदु, सुनील पवार, दीपाली पवार, राधेश्याम पवार,चम्पा देवी, गिरीश पवार, जितेन्द्र साहू, महेश्वरी साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## शादी के पंद्रह दिन बाद नवविवाहिता ने की खुदकुशी

**धमतरी।** शादी के पंद्रह दिन बाद नवविवाहिता ने अज्ञात कारणों से ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थानाक्षेत्र के ग्राम करेली छोटी निवासी कामेश कंवर का विवाह 12 मार्च को महासमुंद जिले के ग्राम खैरझिटी निवासी नूतन के साथ हुआ था। शादी के बाद नूतन मायके से विदा होकर ससुराल छोटी करेली आ गई। नूतन को अभी ससुराल में 15 दिन ही बीते थे कि बुधवार की देर रात्रि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मगरलोड पुलिस गुरुवार की सुबह घटनास्थल पहुंची व आगे की कार्रवाई की। इस संबंध में एएसपी शैलेंद्र पांडे ने मीडिया को बताया कि ग्राम छोटी करेली में एक महिला ने खुदकुशी की है। 12 मार्च को उसकी शादी हुई थी। प्रथम दृष्टया पति के साथ विवाद होने का मामला सामने आ रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। घटनास्थल में किसी प्रकार का सुसाइड नोड नहीं मिला है। घटना की जांच की जा रही है।




# विधायक ने पूजा-अर्चना कर नौकन्या भोज कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महाअष्टमी पर रुद्री के शीतला माता मंदिर पहुंचे विधायक ओंकार साहू ने मां दुर्गा का पूजा पाठ कर नौकन्या भोज कराया और गांव की सुख, समृद्धि की कामना की। इस दौरान जनपद सदस्य अनीता यादव, ग्राम विकास समिति के सदस्य केवल साहू, केशव, प्रीतम, घनश्याम, सुरेन्द्र, योगेन्द्र समेत अन्य मौजूद थे। यह जानकारी गिरधर साहू, लिमेद्र गोलू ने दी।

# राहगीरों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**धमतरी।** जल है तो कल है, जल ही जीवन है को चरितार्थ करते हुए दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्यों ने सांकरा में स्थापित जरही माता मंदिर प्रांगण में बहते हुए नल टोटी को ठीक करते हुए चलते हुए राहगीरों को जल संरक्षण का संदेश दिया। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि जल ही जीवन है। इसकी उपयोगिता पर मितव्ययता बरतना जरुरी है तभी धरती पर जल संरक्षित रह सकता है। मौके पर पुराणिक साहू, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम, सुलोचना, सुलेखाअली, शिवचरण, सोमन मेश्राम, नीलकंठ उपस्थित थे।







